web : www.nyaysakshi.com ‖ पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल ‖ पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 ‖ Email :- nyaysakshi@gmail.com ‖ रायगढ़, शनिवार 16 मार्च 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक-166

## आधी रात को भारतीय फाइटर प्लेनों की गर्जना से थर्राया पाक बार्डर

### दुश्मन को दिखाया दम



अमृतसर (आनएनएस)। भारत-पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच गुरुवार देर रात भारतीयों फाइटर प्लेनों ने पंजाब के अमृतसर से सटी पाकिस्तान सीमा के पास उड़ान भरी। भारतीय वायु सेना के इस अभ्यास के दौरान आसपास के इलाकों में भारी विस्फोट की आवाजें सुनी गईं, जिससे लोगों में भय का माहौल व्याप्त हो गया और तमाम तरह की आशंकाएं जाहिर की जाने लगीं। यह अभ्यास पाकिस्तान के लिए साफ संकेत था कि भारत किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।

जानकारी के मुताबिक, इस अभ्यास में बड़े पैमाने पर भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने हिस्सा लिया।अभ्यास के दौरान बड़ी संख्या में वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने पंजाब और जम्मू क्षेत्र के ऊपर सुपर सोनिक बूम तैयार कर दिया था। इसी वजह से विमानों के गुजरने के बाद भारी विस्फोट की आवाजें सुनी गई थीं।

इन आवाजों को सुनकर अमृतसर शहर में लोग सहम गए। उस समय इन तेज आवाजों के पीछे के कारणों का पता नहीं चल सका, लेकिन लोग इसका जिक्र सोशल मीडिया पर करने लगे। कुछ स्थानीय लोगों ने एक चैनल से बातचीत में इस तेज आवाज की घटना की पुष्टि की।

वहीं स्थानीय प्रशासन ने देर रात शहर के लोगों के बीच पहुंचकर लोगों को बताया कि वे किसी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। एडीसीपी जगजीत सिंह वालिया ने देर रात शहरवासियों से कहा कि मैं लोगों से अपील करता हूं कि वे सोशल मीडिया पर अफवाहों पर विश्वास न करें। सब कुछ ठीक है, हमारी जानकारी के अनुसार कुछ भी नहीं हुआ है।

## दिल्ली में सर्दी की वापसी, न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस

नई दिल्ली (आनएनएस)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शुक्रवार की सुबह सर्द रहने के साथ ही यहां का न्यूनतम तापमान इस मौसम के औसत तापमान से चार डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया, ''सुबह आठ बजकर 30 मिनट पर तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।'' वातावरण में आर्द्रता का स्तर 42 फीसदी दर्ज किया गया। मौसम कार्यालय ने शुक्रवार को पूरे दिन आसमान में बादल छाए रहने और अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना जताई है। राष्ट्रीय राजधानी में बृहस्पतिवार को दिन का तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## चोरी की आरोपी महिला को भीड़ ने पीट पीटकर मार डाला



नई दिल्ली (आनएनएस)। प्रेशर कुकर बनाने वाली फैक्ट्री में चोरी करने के आरोप में लोगों ने एक महिला की पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने कहा कि पिटाई के बाद आरोपी शबीना की तबियत बिगड़ गई और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। यह घटना समयपुर बादली की है। हालांकि कुछ परिजनों ने एक सब इंस्पेक्टर पर महिला की पीटकर हत्या करने और रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। पुलिस अधिकारियों ने इन आरोपों को खारिज कर दिया है। इस मामले में मजिस्ट्रेट से जांच के आदेश दिए गए हैं। पुलिस ने बताया कि शबीना (38) भलस्वा डेयरी इलाके में रहती थी। वह कूड़ा बीनने का काम करती थी। बुधवार सुबह वह अपने साथ पांच अन्य महिलाओं को लेकर फैक्ट्री में घुसी। फैक्ट्री में लोगों ने दो महिलाओं को चोरी करने के शक में दबोच लिया और उनकी पिटाई कर दी। इस दौरान अन्य महिलाएं वहां से फरार हो गईं। दूसरी महिला की पहचान अफसाना के रूप में हुई।

जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने दोनों महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया और बाद में उसे अदालत में पेश किया। अफसाना को कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वहीं, पुलिस शबीना को दो दिन के रिमांड पर लेकर पूछताछ करने के लिए थाने लेकर आई।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### संरा ने कर्मियों को बोइंग 737 मैक्स 8 से यात्रा न करने का निर्देश दिया

संयुक्त राष्ट्र (आनएनएस)। संयुक्त राष्ट्र ने अपने कर्मियों को बोइंग 737 मैक्स 8 से यात्रा न करने का निर्देश दिया है। यह निर्देश इसी सप्ताह इथोपियाई एयरलाइंस की एक उड़ान दुर्घटना के मद्देनजर दिया गया है जिसमें सवार सभी 157 लोगों की मौत हो गई थी।

### बोइंग 737 मैक्स विमान का निर्माण रहेगा जारी, आपूर्ति रुकी

वाशिंगटन (आनएनएस)। अमेरिकी विमान निर्माता कंपनी बोइंग ने कहा है कि कंपनी 737 मैक्स विमानों के परिचालन पर फिलहाल लगी रोक के बावजूद इसका निर्माण जारी रखेगी लेकिन नये विमानों की आपूर्ति फिलहाल नहीं की जाएगी। बोइंग ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा कि बोइंग ने 737 मैक्स विमानों के परिचालन पर लगी अस्थायी रोक के कारण इसकी आपूर्ति रोक दी है लेकिन हम इसका निर्माण जारी रखेंगे।

### हवाई हमले में 31 आतंकवादी मारे गए

गजनी (आनएनएस)। अफगानिस्तान के दक्षिण-पूर्वी इलाके में हुए हवाई हमलों में 31 आतंकवादी मारे गए हैं। माना जा रहा है कि इनमें ज्यादातर अल-कायदा के आतंकवादी थे। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि गजनी प्रांत में बुधवार देर रात हवाई हमले किए गए। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि इस दौरान आतंकवादी ठिकाने को निशाना बनाया गया।

### दिल्ली से 332 करोड़ की हेरोइन बरामद, 10 आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली (आनएनएस)। दिल्ली पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है. पुलिस की दक्षिणी और उत्तरी रेंज स्पेशल सेल ने संयुक्त ऑपरेशन में करीब 83 किलोग्राम हेरोइन (ड्रग्स) बरामद की है. इसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 332 करोड़ रुपये बताई जा रही है. इतनी बड़ी मात्रा में ड्रग्स पकड़ने के साथ ही पुलिस ने 10 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है. बताया जा रहा है कि पकड़ी गई ड्रग्स में से करीब 150 करोड़ की हेरोइन मालदा और बरेली से दिल्ली आई थी.

### वाईएसआर कांग्रेस नेता विवेकानंद रेड्डी का 68 वर्ष की उम्र में निधन

कडपा (आनएनएस)। आंध्र प्रदेश के पूर्व मंत्री और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के नेता वाई.एस. विवेकानंद रेड्डी (68) का शुक्रवार को हृदय गति से रुकने से निधन हो गया। रेड्डी के परिवार ने यह जानकारी दी। विवेकानंद को कडपा जिले के पुलिवेंदुला में उनके आवास पर हृदय गति से रुकने से निधन हो गया।

### आप नेता मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, आतिशी पहुंचे चुनाव आयोग

नई दिल्ली (आनएनएस)। आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया, राघव चड्ढा, संजय सिंह और आतिशी चुनाव आयोग पहुंचे. चारों ने चुनाव आयोग पर बीजेपी के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया. इस दौरान मनीष सिसोदिया ने कहा, हमने बार-बार कहा है कि बीजेपी के इशारे पर चुनाव आयोग ने 30 लाख वोटरों के नाम हटा दिए हैं. इसकी जानकारी देने के लिए हमने जिस कॉल सेंटर को ठेका दिया है. दिल्ली पुलिस बीजेपी के इशारे पर उन कॉल सेंटरों पर काम कर रहे लड़कों को उठाकर पूछताछ के लिए परेशान कर रही है.

### चुनावी घोषणा पत्र में किसानों के मुद्दे को शामिल करें राजनीतिक दल

नई दिल्ली (आनएनएस)। किसान आंदोलन की अखिल भारतीय समन्वय समिति जिसमें भारत के सभी प्रमुख किसान संगठन जैसे कि भारतीय किसान यूनियन, कर्नाटक राज्य रायता संघ, तमिलगा विवासैयागल संघ, आदिवासी गोत्र महासभा और दक्षिण भारत के कई किसान संगठन शामिल है।

## नाइजीरिया में इमारत ढहने से मरने वालों की संख्या 18 हुई



लागोस (आनएनएस)। नाइजिरिया के लागोस में तीन मंजिला इमारत ढहने से मरने वालों की संख्या 18 हो गयी है। इस इमारत में एक प्राथमिक स्कूल भी चलता था। लागोस के स्वास्थ्य आयुक्त जीडे इदरीस ने संवाददाताओं को बताया कि इस हादसे में 18 लोगों की मौत हुई है और 60 से ज्यादा लोगों को बाहर निकाला जा चुका है। उन्होंने बताया कि बचाव कार्य खत्म हो चुका है लेकिन चिकित्साकर्मी घायलों का इलाज कर रहे हैं।

अधिकारी के अनुसार हादसे में मारे गये लोगों की संख्या की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं की जा सकी है। हादसे में घायल हुए लोगों का इलाज लागोस के तीन सरकारी तथा एक बाल अस्पताल में चल रहा है। राज्य आपात प्रबंधन एजेंसी की प्रमुख एडसीना तीयामियू ने बताया कि बचाव कार्य स्थानीय समयानुसार गुरुवार तड़के तीन बजे खत्म कर दिया गया हालांकि स्थानीय नागरिकों ने मांग की कि बचाव कार्य को अभी जारी रखना चाहिए क्योंकि अभी भी कुछ लोग मलबे में दबे हो सकते है।

सुरक्षाकर्मियों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है। अभी भी कुछ लोग अपने परिजनों की तलाश में घटनास्थल पर मौजूद हैं।

## हवाई अड्डे पर यात्रियों के सामानों की जांच हेतु लगेगी अत्याधुनिक मशीन

### कतार में लंबा इंतजार होगा कम



नई दिल्ली (आनएनएस)। राजधानी के इंदिरा गांधी इंटरनैशनल एयरपोर्ट पर सुरक्षा को और मजबूत करने हेतु केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) जल्द ही रिमोट-स्क्रीनिंग टेक्नॉलजी का इस्तेमाल कर सकता है। नई तकनीक से न सिर्फ यात्रियों के लिए सुरक्षा जांच का इंतजार कम होगा, बल्कि सीआईएसएफ भी यात्रियों के हर बैग की जांच के लिए पहले के मुकाबले ज्यादा समय दे पाएगा।

ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्यॉरिटी से इस तकनीक के लिए मुंबई और हैदराबाद एयरपोर्टों को पहले ही मंजूरी मिल चुकी है। सीआईएसएफ के जानकारी के अनुसार मुंबई और हैदराबाद में यह तकनीक जल्द ही इस्तेमाल में आ जाएगी, जिसके बाद आईजीआई में लाने के बारे में सोचा जाएगा।

इस सिस्टम के तहत एक्सबीआईएस मशीनों की स्क्रीनिंग पोजिशन सिक्यॉरिटी-चेक एरिया से दूर स्ट्रैटिजिक पॉइंट पर होगी। इससे सुरक्षाकर्मियों को हर बैग की जांच के लिए और ज्यादा समय मिल सकेगा। इतना ही नहीं, अलग-अलग चेक पॉइंट्स से ली जा रहीं तस्वीरें इस सेन्ट्रल कंट्रोल पॉइंट पर भी दिखेंगी। अधिकारियों ने कहा कि अगर कोई संदिग्ध वस्तु का पता चला तो मशीन न सिर्फ बैग को तत्काल बाहर कर देगी, बल्कि इसका अलार्म भी देगी।

## बीजेपी ने आप पर लगाया आचार संहिता उल्लंघन का आरोप

नई दिल्ली (आनएनएस)। दिल्ली बीजेपी ने आरोप लगाया है कि आम आदमी पार्टी दिल्ली में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर रही है। आचार संहिता लगने के बावजूद सीएम अरविंद केजरीवाल दिल्ली में करोड़ों का खर्च विज्ञापन पर कर रहे हैं। दिल्ली की जनता के बीच झूठ और भ्रम की स्थिति पैदा करने के लिए अब दिल्ली में बसों पर भ्रामक विज्ञापन लगा कर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन आम आदमी पार्टी कर रही है।

दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष मनोज तिवारी ने कहा कि लीगल सेल ने लिखित शिकायत दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी से की है। दिल्ली के लोगों से शिकायत आ रही है कि आम आदमी पार्टी दिल्ली की सैकड़ों बसों में ऑडियो क्लिप चलाकर और पोस्टर लगाकर चुनाव प्रचार कर रही है। तिवारी ने कहा कि बसों के पीछे पोस्टर और होर्डिंग लगाए जा रहे हैं। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए दिल्ली चुनाव आयोग से ऐप और लिखित में शिकायत की जा चुकी है। दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी से मिलकर मांग की गई है कि आम आदमी पार्टी के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाए।

## खड़गे ने फिर किया लोकपाल चयन समिति की बैठक का बहिष्कार



नई दिल्ली (आनएनएस)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने 'विशेष आमंत्रित सदस्य' के तौर पर बुलाए जाने का विरोध करते हुए शुक्रवार को प्रस्तावित लोकपाल चयन समिति की बैठक का एक बार फिर से बहिष्कार किया है। 'विशेष आमंत्रित सदस्य' के तौर पर बैठक में बुलाए जाने का विरोध करते हुए खड़गे पहले भी कई बार इस बैठक का बहिष्कार कर चुके हैं। लोकसभा में कांग्रेस के नेता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे पत्र में कहा कि लोकपाल अधिनियम-2013 की धारा चार में 'विशेष आमंत्रित सदस्य' के लोकपाल चयन समिति की हिस्सा होने या इसकी बैठक में शामिल होने का कोई प्रावधान नहीं है।

उन्होंने आरोप लगाया कि 2014 में सत्तासीन होने के बाद से इस सरकार ने लोकपाल कानून में ऐसा संशोधन करने का कोई प्रयास नहीं किया जिससे विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी का नेता चयन समिति के सदस्य के तौर पर बैठक में शामिल हो सके। खड़गे ने कहा, ''बैठक में विशेष आमंत्रित सदस्य के तौर पर मेरे शामिल नहीं होने का बहाना बनाकर सरकार ने पिछले पांच वर्षों में लोकपाल की नियुक्ति नहीं की।

बहरहाल, इस संदर्भ में थोड़ी-बहुत जो भी प्रगति हुई वह उच्चतम न्यायालय के दबाव के कारण हुई।''

## प्रचार की रणनीति बनाने 17 को शहर आयेंगी प्रियंका



लखनऊ (आनएनएस)। पूर्वी उत्तर प्रदेश की कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा रविवार 17 मार्च को एक दिन के दौरे पर लखनऊ आयेंगी। महासचिव बनने के बाद लखनऊ का यह उनका दूसरा दौरा होगा। पार्टी सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अपने एक दिन के दौरे में सुश्री वाड्रा लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के प्रचार की रणनीति बनायेंगी। वहीं, उत्तर प्रदेश में कांग्रेस विधायक दल के नेता अजय कुमार लल्लू ने बताया कि अपने दौरे में प्रियंका पार्टी की प्रचार और चुनाव समितियों के सदस्यों के साथ बैठक करेंगी। इसके बाद वह अलग-अलग संसदीय क्षेत्र के संयोजकों से भी बात करेंगी।

## विपक्ष की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने ईसी और केंद्र से मांगा जवाब

### 50 प्रतिशत वीवीपीएटी के मिलान की मांग



नई दिल्ली (आनएनएस)। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट ने भारत निर्वाचन आयोग को नोटिस दी है. सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को यह नोटिस 21 विपक्षी दलों की याचिका पर दी. एक याचिका में विपक्षी दलों ने मांग की थी कि चुनाव आयोग को इस आशय का निर्देश दिया जाये कि आगामी आम चुनावों में परिणाम की घोषणा से पहले ईवीएम के 50 फीसदी परिणामों का वीवीपीएटी से औचक मिलान करना जरूरी हो. शुक्रवार को चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा है कि 25 मार्च को होने वाली अगली सुनवाई में चुनाव आयोग का एक वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद हो.

याचिकाकर्ताओं में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, एनसीपी प्रमुख शरद पवार, नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला, टीएमसी नेता डेरेक ओ ब्रायन, डीएमके नेता एम के स्टालिन शामिल हैं.

## सीएसटी स्टेशन के पास गिरा फुट ओवर ब्रिज, 5 की मौत, 30 से ज्यादा लोग घायल



मुंबई (आनएनएस)। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में गुरुवार शाम छत्रपति शिवाजी टर्मिनस स्टेशन के पास एक बड़ा हादसा हुआ है। शुरुआती जानकारी के अनुसार मुंबई के सीएसटी स्टेशन पर एक फुट ओवर ब्रिज गिरने के कारण 5 लोगों की मौत हुई है। वहीं इस घटना में 30 से अधिक लोग घायल हुए हैं, जिन्हें तत्काल स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इन घायलों में 4-5 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है और इन्हें गहन चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है। वहीं मलबे में अब भी 10 से अधिक लोगों के दबे होने की आशंका जताई गई है।

बताया जा रहा है कि हादसा गुरुवार शाम करीब 7:30 बजे हुआ जिस वक्त यह घटना हुई पीक आवर होने के कारण पुल के नीचे बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद ब्रिज के मलबे में कई लोग दब गए और यहां मौजूद कुछ वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए। दूसरी ओर मौके पर पहुंची एनडीआरएफ, रेलवे और मुंबई पुलिस की टीमों ने तत्काल घायलों को सेंट जॉर्ज हॉस्पिटल और गोकुलदास तेजपाल अस्पताल में पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान अपूर्वा प्रभु, रंजना तांबे और शिराज खान के रूप में हुई है। अपूर्वा और रंजना जीटी अस्पताल की नर्स थीं, जो कि शाम के वक्त अपनी शिफ्ट पूरी कर घर वापस जा रही थीं।

### सरकार कराएगी हादसे की जांच

रेलवे के सूत्रों के अनुसार, इस ब्रिज के मलबे में अभी भी कई लोगों के दबे होने की आशंका है, जिसे देखते हुए इलाके में बड़े स्तर पर राहत कार्य शुरू कराए गए हैं। मुंबई के जिस स्थान पर यह हादसा हुआ उससे कुछ ही दूरी पर मुंबई पुलिस और मुंबई महानगरपालिका के मुख्यालय स्थित हैं। सेंट्रल रेलवे के डीआरएम डीके शर्मा के अनुसार, जिस ब्रिज के गिरने से यह हादसा हुआ उसकी देखरेख का काम बीएमसी करती है। उन्होंने बताया कि ब्रिज का निर्माण कार्य रेलवे ने कराया था, लेकिन रखरखाव की जिम्मेदारी बीएमसी की ही थी। वहीं मंत्री विनोद तावड़े ने कहा, ब्रिज का एक स्लैब गिरा है। रेलवे और बीएमसी इसकी मेंटनेंस के बारे में जांच करेंगे।

## न्यू जीलैंड की दो मस्जिद में गोलीबारी, 40 की मौत, 20 से अधिक घायल

वेलिंग्टन (आनएनएस)। न्यूजीलैंड में क्राइस्टचर्च की दो मस्जिदों में शुक्रवार को हुए हमलों में 40 लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जैसिंडा अर्डर्न ने कहा, ''यह स्पष्ट है कि इसे अब केवल आतंकवादी हमला ही करार दिया जा सकता है। हम जितना जानते हैं, ऐसा लगता है कि यह पूर्व नियोजित था।'' उन्होंने कहा, ''संदिग्ध वाहनों से जुड़े दो विस्फोटक उपकरण बरामद किए गए हैं और उन्हें निष्क्रिय कर दिया गया है।''